दिन– सोमवार | दिनांक– 15/12/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। | अवधिः– 15 मिनट

---

01. भाजपा के नवनियुक्त कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने आज अपना कार्यभार संभाला। कहा– जो जिम्मेदारी दी गई है उसका वे निष्ठापूर्वक निर्वहन करेंगे।

02. भारतीय जनता पार्टी ने संजय सरावगी को बिहार प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया। श्री सरावगी दिलीप जायसवाल का लेंगे स्थान।

03. केन्द्र सरकार ने कहा– हवाई किराए पर नजर रखने के लिए डीजीसीए की टैरिफ निगरानी इकाई को और मजबूत किया जायेगा।

04. और, पछुआ हवा की रफ्तार में कमी आने से प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में ठंड में आई कमी।

---

भाजपा के नवनियुक्त कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने आज अपना कार्यभार संभाल लिया। इस मौके पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मौजूद रहे। श्री नड्डा ने कार्यकारी अध्यक्ष का स्वागत कर उन्हें अध्यक्ष की कुर्सी पर बैठाया। इसके बाद श्री नबीन ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीन दयाल उपाध्याय को श्रद्धांजलि अर्पित की। इससे पहले नई दिल्ली पार्टी मुख्यालय पहुंचने पर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने नितिन नबीन का भव्य स्वागत किया। इधर, नई दिल्ली जाने से पहले पटना में मीडिया से बातचीत में श्री नबीन ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी दी गई है उसका वे निष्ठापूर्वक निर्वहन करेंगे।

———बाइट———

नितिन नबीन बिहार से भाजपा के पहले नेता हैं जिन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। पैंतालीस साल के श्री नबीन पार्टी के इतिहास में सबसे कम उम्र के कार्यकारी अध्यक्ष हैं। नितिन नबीन वर्तमान में पटना जिले की बांकीपुर विधानसभा सीट से विधायक हैं और नीतीश मंत्रिमंडल में उनके जिम्मे पथ निर्माण और नगर विकास तथा आवास विभाग है। संगठन और सरकार दोनों स्तर पर व्यापक अनुभव रखने वाले श्री

नबीन भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय महासचिव और छत्तीसगढ़ के चुनाव प्रभारी के रूप में अपनी भूमिका का निर्वाह कर चुके हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नितिन नबीन को पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनने पर बधाई दी है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि नितिन नबीन एक युवा और कर्मठ नेता हैं और उनके पास समृद्ध संगठनात्मक अनुभव है तथा बिहार में कई बार विधायक और मंत्री के रूप में उनका प्रभावशाली रिकॉर्ड रहा है। प्रधानमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि नितिन नबीन की ऊर्जा और समर्पण आने वाले समय में पार्टी को मजबूत करेंगी।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नितिन नबीन को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने उम्मीद जताई है कि श्री नबीन की इस नई जिम्मेदारी से भाजपा को और मजबूती मिलेगी। जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा ने भी श्री नबीन को शुभकामना देते हुए कहा है कि यह बिहार के लिए गौरव की बात है।

———बाइट———

केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने श्री नबीन की नियुक्ति पर केंद्रीय नेतृत्व के प्रति आभार जताते हुए कहा कि इससे युवा कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ेगा।

———बाइट———

केंद्रीय मंत्री और हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा के संरक्षक जीतन राम मांझी और राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा ने भी नबीन को बधाई दी है। इधर, राजद ने भी श्री नबीन को भाजपा का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाने पर शुभकामनाएं दी हैं। पार्टी प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने कहा कि नितिन नबीन की नियुक्ति बिहार के लिए गौरव की बात है।

———बाइट———

---

भारतीय जनता पार्टी ने संजय सरावगी को पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। वे दिलीप जायसवाल का स्थान लेंगे। श्री सरावगी दरभंगा विधानसभा क्षेत्र से विधायक हैं। उन्होंने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से छात्र राजनीति की शुरूआत की थी। प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त होने के बाद संवाददाताओं से बातचीत में श्री सरावगी ने कहा कि पार्टी ने उन्हें जो जिम्मेवारी सौंपी है उस पर वे खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे।

———बाइट———

संजय सरावगी के प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त होने पर पार्टी के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि संजय सरावगी के व्यापक अनुभव से पार्टी और मजबूत होगी। पार्टी के निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा, विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार समेत पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने श्री सरावगी को नई जिम्मेवारी मिलने पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि संजय सरावगी के नेतृत्व में पार्टी और मजबूत होगी।

———बाइट———

---

केंद्रीय नागर विमानन मंत्री राम मोहन नायडू ने कहा है कि सरकार हवाई किराये पर कड़ी निगरानी रखने के लिए नागर विमानन महानिदेशालय के अंतर्गत टैरिफ निगरानी इकाई को और मजबूत करेगी। राज्यसभा में आज प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए श्री नायडू ने बताया कि घरेलू मार्गों के साथ अब अंतर्राष्ट्रीय मार्गों के किराये की भी निगरानी की जा रही है।

———बाइट———

जो टैरिफ मॉनिटरिंग यूनिट हमारी डीजीसीए में है, उसको भी और सशक्त करके और सारे रूट हम मॉनिटर कर रहे हैं। इंटरनेशनल रूट्स में भी मॉनिटर करने का किया है, क्योंकि हम वो दवाब एयरलाइंस पर भी हम डालना चाहेंगे कि इस तरह से अपोरच्युनिटी सिर्फ प्राइसिंग के सिच्युएशन जो कभी–कभी जो बन जाती है, वो न हो। हमारे मिनिस्ट्री से पूरा इसके ऊपर ध्यान देते हुए हम एयर सेवा में भी एक स्पेशिकली टैरिफ मॉनिटरिंग का भी एक सुविधा कर रखी है।

---

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा है कि उद्यम पोर्टल में अभी तक सात करोड़ से अधिक लघु और मध्यम उद्यमों ने पंजीकरण कराया है। इससे देश में लगभग 31 करोड़ लोगों को रोजगार मिला है। राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्न का उत्तर देते हुए श्री मांझी ने कहा कि मंत्रालय ने अब तक अनुदान देकर दस लाख से अधिक लोगों की मदद की है और लघु उद्यम शुरू करने के लिए एक करोड़ से अधिक लोगों को ऋण दिए हैं।

---

लोकसभा में आज विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान विधेयक 2025 पेश किया गया। इसे आगे की जांच के लिए संसद की संयुक्त समिति (जेपीसी) को भेज दिया गया है। विधेयक का उद्देश्य विश्वविद्यालयों और अन्य उच्च शिक्षण संस्थानों को शिक्षण, अधिगम, अनुसंधान और नवाचार में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए सशक्त बनाना है। इस विधेयक में विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान के साथ–साथ तीन परिषदों, यानी विकसित भारत शिक्षा विनियम परिषद, विकसित भारत शिक्षा गुणवत्ता परिषद और विकसित भारत शिक्षा मानक परिषद के गठन का प्रावधान है।

---

उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि यदि कोई माफिया सरकारी भूमि का अतिक्रमण करता है तो उसे चौबीस घंटे के अंदर खाली कराया जायेगा। आज गयाजी में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री चौधरी ने आम लोगों से अतिक्रमण की जानकारी गृह विभाग के साथ साझा करने की अपील की।

———बाइट———

---

ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा है कि जीविका दीदियों को उद्यम स्थापित करने के लिए सात प्रतिशत ब्याज दर पर दस लाख रुपये तक का ऋण उपलब्ध कराया जायेगा। आज वैशाली में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री कुमार ने कहा कि प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों में जीविका दीदी बैंक की स्थापना की जायेगी।

———बाइट———

---

राजस्व और भूमि सुधार विभाग ने **परिमार्जन प्लस पोर्टल** पर प्राप्त आवेदनों के निष्पादन के लिए समय–सीमा तय कर दी है। उपमुख्यमंत्री सह विभागीय मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने बताया कि अलग–अलग त्रुटियों में सुधार के लिए पंद्रह से पचहत्तर दिनों की समय–सीमा निर्धारित की गयी है।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना में आयोजित कार्यक्रम में एक हजार दो सौ तिरासी आयुष चिकित्सकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इनमें आयुर्वेदिक, होमियोपैथिक और यूनानी चिकित्सक शामिल हैं। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, जल संसधान मंत्री विजय कुमार चौधरी तथा स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय भी मौजूद थे।

---

कृतज्ञ राष्ट्र ने आज लौह पुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धा पूर्वक याद किया। सोशल मीडिया पर पोस्ट में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि सरदार पटेल ने अपना जीवन देश को एक सूत्र में पिरोने के लिए समर्पित कर दिया था। इस अवसर पर पटना के चितकोहरा स्थित पटेल चौक पर राजकीय समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और भाजपा के नवनियुक्त कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन सहित अन्य गणमान्य लोगों ने सरदार पटेल की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया।

---

सिखों के दसवें गुरु गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के तीन सौ उनसठवें प्रकाश पर्व पर आज से पटना में ग्यारह दिनों की प्रभात फेरी की शुरूआत हुई। पच्चीस दिसम्बर को बड़ी प्रभात फेरी के साथ इसका समापन होगा। प्रकाश पर्व का मुख्य समारोह अट्ठाईस दिसम्बर को मनाया जायेगा।

---

पछुआ हवा की रफ्तार में कमी आने से अधिकतम और न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटो के दौरान लगभग दस डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ भागलपुर का सबौर राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले दो से तीन दिनों के दौरान तापमान में किसी विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है। कुछ स्थानों पर सुबह के समय हल्के से मध्यम स्तर का कुहासा छाया रहेगा।

---

मुंगेर जिले के संग्रामपुर थाना क्षेत्र से पुलिस ने एक हाइवा ट्रक से पांच सौ बारह कॉर्टन शराब बरामद कर चालक को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं जिले के असरगंज थाना क्षेत्र से पुलिस ने एक अपराधी को देशी पिस्तौल और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है।

---

कटिहार जिले के अमदाबाद थाना क्षेत्र स्थित गोविंदपुर घाट के पास एक धार में नाव के पलट जाने से दादा–पोती की डूब कर मौत हो गई।

---

रोहतास जिले के नोखा थाना क्षेत्र में एक अनियंत्रित बस की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। घटना से आक्रोशित लोगें ने बस में आग लगा दी और सड़क जामकर प्रदर्शन किया।

---

01. भाजपा के नवनियुक्त कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने आज अपना कार्यभार संभाला। कहा– जो जिम्मेदारी दी गई है उसका वे निष्ठापूर्वक निर्वहन करेंगे।

02. भारतीय जनता पार्टी ने संजय सरावगी को बिहार प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया। श्री सरावगी दिलीप जायसवाल का लेंगे स्थान।

03. केन्द्र सरकार ने कहा– हवाई किराए पर नजर रखने के लिए डीजीसीए की टैरिफ निगरानी इकाई को और मजबूत किया जायेगा।

04. और, पछुआ हवा की रफ्तार में कमी आने से प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में ठंड में आई कमी।

---

समाप्त